दैनिक भास्कर

एटा में नकली कोडीन सीरप के साथ 4 गिरफ्तार:आरोपी में एक रिटायर्ड फौजी भी, 50 लाख की सीरप जब्त

आगरा एंटी नार्कोटिक्स टीम और अलीगंज थाना पुलिस ने रविवार देर रात संयुक्त कार्रवाई कर नकली कोडीन कफ सिरप की बड़ी खेप पकड़ी है। अलीगंज थाना क्षेत्र के नगला बनी स्थित एक तंबाकू गोदाम से 47 पेटी कोडीन सिरप बरामद की गई है, जिसकी बाजार कीमत करीब 50 लाख रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने मौके से रिटायर्ड फौजी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बरामद सिरप बद्दी की कंपनी 'विंग्स' के नाम से बनाया गया बताया जा रहा है। सिरप के रैपर पर मौजूद बैच नंबर खुरचे हुए पाए गए हैं, जिससे इसके नकली होने की आशंका और पुख्ता हो गई है। पुलिस ने पूरी खेप को सील कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/etah/news/4-arrested-with-fake-codeine-syrup-in-etah-136738111.html